Tirupati Fincorp Limited
CIN : L67120RJI1982PLC002438
Web : www.tirupatifincorp.in Email : tirupatifincorp31@gmail.com

ISO 9001 : 2008
CERTIFIED COMPANY

Corporate Office :
2nd Floor, Plot No. 36,
Pushpa Park, Daftary Road,
Malad (East), Mumbai - 400 097.
Maharashtra, India.
Contact : +91 (022) 71148504

February 12, 2025

To,
The Manager - CRD
BSE Limited,
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Fort, Mumbai - 400001.

Scrip Code - 539008

Dear Madam/Sir,

Sub: Newspaper Advertisement – Disclosure under Regulation 30 and Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations")

Dear Madam/Sir,

In compliance with Regulation 30 and Regulation 47 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, the Unaudited Financial Results of the Company for the quarter ended December 31, 2024, approved by the Board of Directors in its meeting held on Tuesday, February 11, 2025, were published in Jaipur - **Business Remedies** on February 12, 2025. The copies of the same are enclosed herewith.

The same is also available on the Company's website viz.
http://www.tirupatifincorp.in/

Request you to kindly take the same on record.

Thanking You

For **Tirupati Fincorp Limited**

AMEYA DHANANJAY BODAS
Digitally signed by AMEYA DHANANJAY BODAS
Date: 2025.02.12 15:15:17 +05'30'

Ameya Bodas
Company Secretary & Compliance Officer

छह अमेरिकी सांसदों ने अदाणी ग्रुप पर डीओजे की कार्रवाई की जांच करने की मांग उठाई

वाशिंगटन/आईएएनएस। छह अमेरिकी सांसदों ने अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को कड़े शब्दों में एक पत्र लिखा है, जिसमें डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस (डीओजे) द्वारा अदाणी ग्रुप के अधिकारियों के खिलाफ अभियोग की जांच की मांग की गई है।

छह अमेरिकी सांसदों, जिसमें लांस गूडेन, पैट फालोन, माइक हैरिडोपोलोस, ब्रैंडन गिल, विलियम आर टिममन्स और ब्रायन बाबिन शामिल हैं, ने पत्र में कहा कि डीओजे की कार्रवाई गुमराह करने वाली थी। इसमें भारत जैसे रणनीतिक सहयोगी के साथ अमेरिका के संबंधों को नुकसान पहुंचने का जोखिम था। अमेरिकी सांसदों ने पत्र में लिखा, 'यह मामला इस आरोप पर आधारित है कि इस कंपनी के सदस्यों द्वारा विशेष रूप से भारत में स्थित भारतीय अधिकारियों को रिश्वत देने की तैयारी की गई थी। मामले को उचित भारतीय अधिकारियों को देने के बजाय बाइडन डीओजे ने कंपनी के अधिकारियों को दोषी ठहराने का फैसला किया।

सांसदों ने पत्र में आगे लिखा कि किसी मामले को इस तरह से आगे बढ़ाने का 'कोई अनिवार्य कारण' नहीं था जो भारत जैसे सहयोगी के साथ संबंधों को जटिल बना सके, जब तक कि कुछ बाहरी कारक इसमें शामिल न हों।

इसके अतिरिक्त पत्र में लिखा गया कि इस गुमराह करने वाले निर्णय से राष्ट्रपति ट्रंप के ओवल कार्यालय में लौटने से ठीक पहले भारत जैसे रणनीतिक साझेदार के साथ हमारे संबंधों को नुकसान पहुंचने का खतरा था।

पिछले साल नवंबर में डीओजे की ओर से लगाए गए सभी आरोपों को अदाणी ग्रुप ने खारिज करते हुए आधारहीन बताया था।

अमेरिकी सांसदों ने पत्र में आगे कहा कि हम आपसे बाइडन प्रशासन के डीओजे के आचरण की जांच करने का अनुरोध करते हैं और सच्चाई को उजागर करने के समन्वित प्रयास के लिए इस मामले से संबंधित सभी रिकॉर्ड हमारे साथ साझा करने के लिए आपकी सराहना करेंगे।

पिछले महीने प्रमुख अमेरिकी मीडिया संस्थान फोर्ब्स ने कहा था कि अदाणी समूह के अधिकारियों पर डीओजे का अभियोग एक बड़ी रणनीतिक भूल थी।

उत्तर कोरिया ने रूस को भेजीं लंबी दूरी की 200 तोपें

सोल/आईएएनएस। नॉर्थ कोरिया ने रूस को यूक्रेन के खिलाफ जंग में मदद के लिए लगभग 200 लंबी दूरी की तोपें भेजी हैं। इसके साथ ही प्योंगयांग की तरफ से और सैनिक व हथियार भेजने की संभावना है। साउथ कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह दावा किया।

संसदीय रक्षा समिति को दिए गए एक ब्रीफिंग में मंत्रालय ने कहा कि (उत्तर कोरिया) ने लगभग 11,000 सैनिक, मिसाइल, 200 लंबी दूरी की तोपें और पर्याप्त मात्रा में गोला-बारूद उपलब्ध कराया है। साथ ही प्योंगयांग आगे चलकर अतिरिक्त सैनिक, हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध करा सकता है।

इससे पहले साउथ कोरिया की जासूसी एजेंसी ने कहा था कि नॉर्थ कोरिया ने रूस का समर्थन करने के लिए लगभग 11,000 सैनिक भेजे हैं। इनमें से 300 के मारे जाने

और लगभग 2,700 अन्य के घायल होने की आशंका है।

मंत्रालय ने कहा कि नॉर्थ कोरिया के इस साल अपने हथियारों के विकास पर दोगुना जोर दिए जाने की उम्मीद है। दरअसल यह साल परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियों, जासूसी उपग्रहों और ठोस ईंधन वाली अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों (आईसीबीएम) जैसे परिशोधित हथियारों को विकसित करने की प्योंगयांग की पंचवर्षीय योजना का अंतिम वर्ष है।

मंत्रालय ने संभावना जताई कि सैन्य सहायता के बदले उत्तर कोरिया को रूस की तकनीकी सहायता मिल सकती है। विशेष रूप से परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियों और आईसीबीएम की वायुमंडलीय री-एंट्री तकनीक में रूस मदद कर सकता है।

योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने संयुक्त राज्य अमेरिका और उत्तर कोरिया रिश्ते पर भी अपना आकलने पेश किया। उसके मुताबिक ऐसा लगता है कि प्योंगयांग वाशिंगटन के साथ बातचीत करने के लिए अनुकूल परिस्थिति स्थापित करने की कोशिश कर रहा है।

मंत्रालय हालांकि यह भी रेखांकित किया कि, उत्तर कोरिया ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेता किम जोंग-उन के साथ फिर से संपर्क करने की इच्छा जताने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इसके बजाय, इसने मिसाइल परीक्षण किए हैं और किम ने परमाणु-सामग्री उत्पादन बेस की यात्रा की।

पीएम मोदी ने अमेरिकी चुनाव में जीत के लिए जेडी वेंस को दी बधाई

पेरिस/आईएएनएस। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात की।

इस दौरान पीएम मोदी ने जेडी वेंस को उनकी चुनावी जीत पर बधाई दी और उनसे गर्मजोशी से हाथ मिलाते हुए कहा, 'बधाई हो। शानदार जीत।'

प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस बातचीत की तस्वीरें साझा की और बताया कि पीएम मोदी ने राष्ट्रपति मैक्रों और अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस के साथ महत्वपूर्ण चर्चा की। फ्रांस की अपनी यात्रा पूरी करने के बाद पीएम मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर वाशिंगटन जाएंगे। इस यात्रा का उद्देश्य भारत और अमेरिका के बीच रक्षा, प्रौद्योगिकी और आर्थिक सहयोग को और मजबूत करना है।

अपने अमेरिका दौरे से पहले, पीएम मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप के

पहले राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान उनके साथ भारत-अमेरिका की साझेदारी को मजबूत करने में हुए सहयोग को याद किया। उन्होंने कहा कि यह उनकी ट्रंप के साथ पहली मुलाकात होगी, लेकिन उन्हें उनके पहले कार्यकाल में साथ मिलकर काम करने की अच्छी यादें हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि यह यात्रा भारत-अमेरिका के बीच साझेदारी को और मजबूत करने और व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का अवसर होगी।

अमेरिका में हाल ही में कुछ नीतिगत बदलाव हुए हैं, जिनका प्रभाव भारतीय नागरिकों पर भी पड़ सकता है। इनमें वीजा और प्रवास से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। पीएम मोदी और ट्रंप के बीच इन मामलों पर भी चर्चा होने की संभावना है। इसके अलावा, व्यापार नीतियों, रक्षा सहयोग और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर भी बातचीत होगी।

पिछले महीने पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत हुई थी, जिसमें ट्रंप ने भारत से अमेरिका की रक्षा खरीद बढ़ाने और व्यापार संतुलन बनाए रखने की जरूरत पर जोर दिया था। दोनों नेताओं ने क्वाड गठबंधन और अन्य वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की थी।

वाशिंगटन रवाना होने से पहले पीएम मोदी फ्रांस में राष्ट्रपति मैक्रों के साथ एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस सम्मेलन में वैश्विक नेता और उद्योग विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के सार्वजनिक उपयोग और उसके प्रभावों पर चर्चा करेंगे।

इसके अलावा, पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों फ्रांस के मार्सिले शहर में भारत के पहले वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करेंगे। इससे भारत-फ्रांस के बीच व्यापारिक और कूटनीतिक संबंध और मजबूत होंगे।

लंदन में 'ट्रैक्टर प्रदर्शन'

लंदन/आईएएनएस। हजारों की संख्या में किसान 2020-2021 में ट्रैक्टर ट्रोली के साथ दिल्ली के बॉर्डर पर आ जमे थे। कुछ ऐसा ही नजारा लंदन में देखने को मिला जब बड़ी संख्या में किसान अपने ट्रैक्टरों के साथ ब्रिटिश राजधानी पहुंच गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सेंट्रल लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर पहुंचे ट्रैक्टरों के बीच सैन्य टैंक भी नजर आए। टैंक पर लगी तख्तियों पर लिखा था, 'किसानों के साथ।' ब्रिटेन में ऐसा प्रदर्शन एक साल बाद हुआ। उस वक्त यूके समेत यूरोप के कई देशों में ट्रैक्टरों पर सवार होकर किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया था। लंदन पहुंचे किसान दरअसल 'विरासत कर' में प्रस्तावित बदलावों का विरोध कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नए प्रस्ताव के तहत अप्रैल 2026 से, 1 मिलियन पाउंड से अधिक मूल्य की विरासत में मिली कृषि संपत्ति, जो पहले कर से मुक्त थी, पर 20% टैक्स लगेगा।

किसानों का दावा है कि टैक्स बढ़ोतरी से पारिवारिक खेत खत्म हो सकते हैं। कई किसानों को डर है कि यह नीति पीढ़ियों से चली आ रही खेती को विभाजित कर देगी, जिससे परिवारों को टैक्स का भुगतान करने के लिए जमीन बेचने के लिए मजबूर होना पड़े।

एस जयशंकर ने फ्रांस के विदेश मंत्री से की मुलाकात, एआई और इनोवेशन पर की चर्चा

पेरिस/आईएएनएस। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पेरिस में अपने फ्रांसीसी समकक्ष जीन-नोएल बैरोट से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इनोवेशन, कनेक्टिविटी और स्वच्छ ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-फ्रांस द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की।

जयशंकर ने बैठक का ब्योरा शेयर करते हुए कहा कि आज शाम पेरिस में विदेश मंत्री जीन-नोएल बरोट से मिलकर खुशी हुई। एआई और इनोवेशन, कनेक्टिविटी और स्वच्छ ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करते हुए हमारे व्यापक सहयोग पर चर्चा हुई। क्षेत्रीय और वैश्विक विकास के बारे में भी बात हुई।

फ्रांसीसी विदेश मंत्री ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, 'भारत के साथ, एआई हमारी रणनीतिक साझेदारी का नया क्षेत्र है। 2026 में, हम मिलकर इनोवेशन का एक फ्रेंको-भारतीय

वर्ष लिखेंगे।' यह बैठक पेरिस में एआई शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत रात्रिभोज के दौरान हुई।

प्रधानमंत्री मोदी अपने दो देशों के दौरे के पहले चरण के तहत सोमवार को फ्रांस पहुंचे। फ्रांस के बाद पीएम मोदी संयुक्त राज्य अमेरिका जाएंगे। अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान, वे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ एआई एक्शन शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे, द्विपक्षीय चर्चा करेंगे और व्यापार जगत के नेताओं को संबोधित करेंगे। पेरिस पहुंचने पर, उनका भारतीय प्रवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। पेरिस के एलीसी पैलेस में आयोजित रात्रिभोज में राष्ट्रपति मैक्रों ने प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया, जहां दोनों नेताओं ने एक-दूसरे से मित्रतापूर्ण तरीके से गले मिलकर अभिवादन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, 'पेरिस में अपने मित्र राष्ट्रपति मैक्रों से मिलकर बहुत खुशी हुई।

मेडिका सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने रचा इतिहास

90 वर्षीय मरीज की छाती में लगभग फटने वाली सूजी हुई रक्त वाहिका का नवीन तकनीकों का उपयोग कर सफलतापूर्वक इलाज किया

बिजनेस रेमेडीज़/कोलकाता। मणिपाल अस्पताल समूह के एक भाग मेडिका सुपरस्पेशलिटी अस्पताल ने एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की, जब जीवन के लिए खतरा बने हेमोप्टाइसिस (अनियंत्रित खूनी थूक/बलगम) से पीड़ित 90 वर्षीय एक मरीज का अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करके सफलतापूर्वक इलाज किया गया। पूर्वी भारत के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी में पहली बारए मेडिका सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. अरिंदम पांडे ने मंटा डिवाइस का उपयोग करके शीथ के माध्यम से 20F (6.6 मिमी) की बड़ी पहुंच को बंद कर दिया। यह उपलब्धि मेडिका सुपर स्पेशलिटी

अस्पताल के रेडियोलॉजिस्ट डॉ. एजाज अहमद बारी और मेडिका सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के कैथ लैब के चीफ टेक्नोलॉजिस्ट अर्नबडे के सहयोग से केवल दो मिनट के भीतर पूरी की गई।

दिसंबर 2024 के पहले सप्ताह में, दक्षिण कोलकाता निवासी 90 वर्षीय दीनानाथ भट्टाचार्जी गंभीर खांसी, खून के थक्के जमने और उच्च ऑक्सीजन सहायता की आवश्यकता के साथ अस्पताल आए। प्रारंभिक छाती के एक्स-रे में लोबार निमोनिया दिखा, लेकिन आगे के परीक्षणों में अवरोही वक्षीय महा धमनी में एक बड़ा एन्यूरिज्म (एक चिकित्सा स्थिति जहां शरीर की सबसे बड़ी रक्त वाहिका, महाधमनी की दीवार कमजोर हो जाती है और गुब्बारे की तरह बाहर की ओर उभर जाती है) का पता चला। यह खतरनाक रूप से सूजी हुई रक्त वाहिका छाती में 'बच्चे के दिल' जैसी दिखती थी, जो बाएं फेफड़े पर दबाव डालती थी और गंभीर समस्याएं पैदा करती थी। डॉ. अर्नब बेरा, कंसल्टेंट ए रेस्पिरेटरी मेडिसिन, मेडिका सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने मामले को आगे के इलाज के लिए डॉ. अरिंदम पांडे के पास भेजा।

गंभीर स्थिति को संबोधित करने के लिएए मेडिकल टीम ने थोरैसिक एंडोवस्कुलर, ओर्टिकरिपेयर किया, प्रक्रिया को समझाते हुए डॉ. अरिंदम पांडे ने साझा किया, 'यह प्रक्रिया 120/30 मिमी स्टेंट ग्राफ्ट का उपयोग करके की गई थी। फिर मंटा डिवाइस का उपयोग बड़े 20F (6.6 मिमी) मिमी. एक्सेस साइट को बंद करने के लिए किया गया। यह डिवाइस एक विशिष्ट चिकित्सा उपकरण है जिसका उपयोग इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी में किया जाता है। इसे कैथेटर-आधारित प्रक्रियाओं के दौरान किए गए बड़े-बोर धमनी पंचर को बंद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

एमआयटी-वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के अध्ययन में पुणे की ड्रैगन फ़्लाई आबादी में समय के साथ आए बदलावों का पता चला

बिजनेस रेमेडीज़/मुंबई/पुणे। एमआयटी-वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी, पुणे के शोधकर्ताओं ने पुणे मे ड्रैगन फ़्लाई प्रजातियों की आबादी में हुए बदलावों के बारे में अब तक के सबसे शानदार अध्ययन को पूरा कियाए जिसके लिए बीते और मौजूदा दौर के डेटा की मदद ली गई। शोधकर्ताओं ने पाया किए बीते दौर के डेटा में दर्ज की गई आठ प्रजातियाँ अब मौजूद नहीं हैं। इससे पता चलता है किए अनियोजित तरीके से शहरीकरणए बढ़ते जल प्रदूषण और मौसम के पैटर्न में बदलाव की वजह से अब ये प्रजातियाँ उस इलाके से गायब हो चुकी हैं।इस स्टडी में पिछले डेटा की तुलना में 27 प्रजातियों के जुड़ने का भी ? किया गया है। यह संख्या काफी बड़ी है,

जो सिटीजन साइंस और अलग-अलग तरह के कीटों को दस्तावेजों में दर्ज करने के बारे में बढ़ती जागरूकता की वजह से संभव हो पाया है। इस स्टडी में जमीन के उपयोग में बदलावए तेज गति से शहरीकरण और डेटा की कमी जैसे घटकों के कारण ड्रैगन फ़्लाई की आबादी में बदलाव का पता लगाया गया है। इस स्टडी में पश्चिमी घाट के इलाके में पाए जाने वाले 5 प्रजातियों की मौजूदगी भी दर्ज की गई, जिससे ओडोनेट्स की स्टडी के लिए पुणे की इकोलॉजिकल अहमियत और बढ़ गई।

अपने अगले विकास चरण को बढ़ावा देने ग्रेट लर्निंग ने एआई मेंटर और एआई टीचर लॉन्च किया

बिजनेस रेमेडीज़/बेंगलुरु। एआई का लाभ उठा कर अपने विकास के अगले चरण की रूपरेखा तैयार करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा और कौशल उन्नयन में वैश्विक अग्रणी ग्रेट लर्निंग ने एआई मेंटर और एआई टीचर लॉन्च किया है। ये एआई टूल्स समग्र डिजिटल शिक्षण अनुभव को बदलने के लिए तैयार हैं, जिससे दुनिया भर के शिक्षार्थियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा व्यक्ति गत, सुलभ, सस्ती और पहुँच के अंदर हो जाएगी।

एआई मेंटर के रुप में प्रत्येक शिक्षार्थी को अपना निजी शिक्षक मिलता है जो उसके सीखने की यात्रा में हर कदम पर उसकी मदद करता है। परियोजनाओं पर काम करते समय यह 24/7 मार्गदर्शन के साथ पूर्ण शिक्षण का अनुभव प्रदान करता है। कोड लिखते समय यदि कोई शिक्षार्थी अटक जाता है, तो एआई मेंटर सीधे उत्तर बताए बिना शिक्षार्थी सही समाधान की तरफ ले जाने के लिए संकेत देकर कोड लिखने में वास्तविक समय में सहायता प्रदान करता है। शिक्षार्थियों को साक्षात्कार में सफल होने के लिए आत्मविश्वास बनाने में मदद करने के लिए यह एआई-संचालित मॉक इंटरव्यूज़ के माध्यम से उन्हें वास्तविक दुनिया के नौकरी साक्षात्कार परिदृश्यों का अनुभव करा कर नौकरी के लिए तैयार करता है।पिछले कुछ माह में चुनिंदा शिक्षार्थियों के समूहों में अपनी शुरुआत के बाद से एआई मेंटर ने महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है, जिसमें 400,000 से अधिक कोड लिखने के संकेत उत्पन्न हुए हैं, 130,000 शिक्षार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए है, और 300 से अधिक मॉक इंटरव्यूज़ आयोजित किए गए हैं।

एआई शिक्षक एक अभूतपूर्व नवाचार है, जो अत्यधिक व्यक्तिगत और परस्पर संवादात्मक शिक्षण अनुभव सुनिश्चित करता है। यह शिक्षार्थियों के संदर्भ के आधार पर पाठों को अनुकूलित करता है, उनकी समझ का मूल्यांकन करता है, ज्ञान के अंतराल की पहचान करता है, और उनकी प्रगति पर मूल्यवान प्रतिक्रिया प्रदान करता है - जैसे कि एक महान मानव शिक्षक करेगा।

गणपति प्लास्टफैब लिमिटेड

सीआईएन: L25209RJ1984PLC003152

पंजीकृत कार्यालय: 334, शेखावत मानसिंह ब्लॉक, नेमी सागर कॉलोनी, क्वींस रोड, जयपुर-302016, राजस्थान

प्रशासनिक कार्यालय: सी-58(बी), रोड नं. 2-डी, इंडस्ट्रियल एरिया, बिन्दायका, जयपुर-302012

संपर्क नंबर.: 0141-2240573, 2240721 ईमेल आईडी: mail@gpl.co.in वेबसाइट: www.gpl.co.in

दिसम्बर 31, 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महिने के लिए अलेखापरीक्षित एकल वित्तीय परिणाम

(रु. लाख में) प्रति शेयर आय को छोड़कर

क्र मांक	विवरण	तिमाही समाप्त			नौ महिने समाप्त		वर्ष समाप्त
		31.12.2024 अलेखापरीक्षित	30.09.2024 अलेखापरीक्षित	31.12.2023 अलेखापरीक्षित	31.12.2024 अलेखापरीक्षित	31.12.2023 अलेखापरीक्षित	31.03.2024 लेखापरीक्षित
1	कुल परिचालन आय	2,093.45	1,754.31	1,989.89	5,429.92	5,848.69	7,933.57
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(कर असाधारण और/या असामान्य वस्तुओं के पहले)	(72.05)	(204.29)	(146.90)	(354.04)	(467.16)	(607.46)
3	अवधि के लिए कर के पहले शुद्ध लाभ/ (हानि) (असाधारण और/या असामान्य वस्तुओं के बाद)	(72.05)	(204.29)	(146.90)	(354.04)	(467.16)	(607.46)
4	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(कर असाधारण और/या असामान्य वस्तुओं के बाद)	(106.15)	(109.40)	(108.73)	(276.05)	(347.09)	(499.14)
5	अवधि के लिए कुल आय	(106.15)	(109.40)	(108.73)	(276.05)	(347.09)	(501.30)
6	समता अंश पूंजी	266.06	266.06	266.06	266.06	266.06	266.06
7	रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर)	-	-	-	-	-	877.65
8	आय प्रति शेयर (रु.10/- प्रति का अंकित मूल्य) मूल एवं तरल	(3.99)	(4.11)	(4.09)	(10.38)	(13.05)	(18.76)

नोट: 1. उपरोक्त एकल वित्तीय परिणाम की ऑडिट समिति द्वारा समीक्षा की गई है और 10 फरवरी, 2025 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है। 2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में प्रस्तुत किये अलेखापरीक्षित तिमाही और छमाही वित्तीय परिणामो के विस्तृत प्रारूप का सार है। वित्तीय परिणामो का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.cse-india.com तथा कंपनी की वेबसाइट www.gpl.co.in पर उपलब्ध है। इसे नीचे दए गए QR कोड को स्कैन करके एक्सेस किया जा सकता है।

स्थान: जयपुर
दिनांक: 10.02.2025

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते गणपति प्लास्टफैब लिमिटेड
हस्ताक्षर/-
अशोक कुमार पाबूवाल
प्रबंध निदेशक
DIN: 00183513

TIRUPATI FINCORP LIMITED

CIN: L67120RJ1982PLC002438

Regd. Office: Flat no. G2/G17, Raghuraj Enclave, Krishna Marg C-Scheme, Jaipur Rajasthan Jaipur 302001

Tel: +91 022 71148504 | Email id: tirupatifincorp31@gmail.com | Website: http://www.tirupatifincorp.in/

EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER ENDED DECEMBER 31, 2024

(Amounts in Lakhs)

Sr. No.	Particulars	Quarter ended			Nine Month ended		Year ended
		31.12.2024	30.09.2024	31.12.2023	31.12.2024	31.12.2023	31.03.2024
		Unaudited	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Audited
1.	Total Income from Operation	3,767.57	6,175.76	89.69	10,504.17	273.44	473.51
2.	Total Expenses	4,424.64	6,292.24	78.44	11,253.90	234.70	426.60
3.	Net Profit/ (Loss) for the period before Tax	(657.07)	(116.49)	11.26	(749.73)	38.73	46.91
4.	Net Profit/(Loss) for the period after Tax	(576.55)	(84.56)	12.18	(643.25)	64.69	31.40
5.	Paid-up Equity Share Capital (FV 10/- each)	504.22	504.22	494.42	494.42	494.42	494.42
	Basic	(11.43)	(1.68)	0.25	(13.01)	1.31	0.64
	Diluted	(11.43)	(1.68)	0.25	(13.01)	1.31	0.64

1. The above Audited Financial Results have been reviewed by the Audit Committee thereafter approved and record by Board of Directors at their meeting held on 11.02.2025.
2. As required under clause 33 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Statutory Auditors of the Company have carried out limited review of the above Financial Results for the period ended 31.12.2024.
3. The Company has adopted Indian Accounting Standard (Ind AS) for the financial year commencing from 1st April 2019 and above results have been prepared in accordance with Ind AS as prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 and read with relevant rule made thereunder.
4. The Figures for the corresponding previous periods has been regrouped/ reclassified wherever necessary, to make them comparable.
5. The Company operates in two segment during the quarter namely, financing activities and Investment and Trading in securities. A separate reportable operating segments is prepared as per IND AS 108 - Operating Segments.
6. The figures of preceding quarter ended December 31, 2024 and quater ended December 31, 2023 are the balancing figures between the unaudited figures in respect of the nine months ended December 31, 2024 and December 31, 2023 respectively and the unaudited figures for the quarter ended September 31, 2024 and September 31, 2023 respectively, which were subject to limited review.

The full format is also available on the website of the company i.e. http://www.tirupatifincorp.in/ and BSE's Website i.e. https://www.bseindia.com.

For Tirupati Fincorp Limited
Sd/-
Arvind Gala
Non-Executive Chairman
DIN: 02392119

Place: Jaipur
Date : 11.02.2025